लोक सभा अध्यक्ष ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री जयवंतीबेन मेहता के निधन पर दुःख व्यक्त किया

नई दिल्ली, 07 नवंबर , 2016: लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री जयवंतीबेन मेहता के निधन पर दुःख व्यक्त किया है। अपने संदेश में श्रीमती महाजन ने कहा, "मुझे जयवंतीबेन मेहताजी के दुःखद निधन के बारे में जानकार दुःख हुआ है । जयवंतीबेन मेहताजी एक वरिष्ठ राजनीतिज्ञ थी । अपने दीर्घ राजनीतिक कॅरियर के दौरान उन्होंने लोगों के हित से जुड़े विचारों और उनके विकास के लिए अथक प्रयास किया। उनका निधन मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति है। मैं उनके परिवार के शोक संतप्त सदस्यों के प्रति संवेदना व्यक्त करती हूं।"